

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 112 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 22 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## मंडी सचिव को तीन दिवस के लिये अवैतनिक किया गया

**समय सीमा बैठक**

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार



21 अगस्त को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पंवान नवजीवन विजय, अपर कले टर सीएल चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों तथा जन सुनवाई के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा में सीईओ जनपद सिवनी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, उपसंचालक सामाजिक न्याय द्वारा समय सीमा में दर्ज प्रकरणों पर अपेक्षित कार्यवाही न करना पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने सीएम मॉनिट,माननीय सांसद एवं विधायकगणों सहित विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। बैठक में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए सचिव कृषि उपज मण्डी को तीन दिवस के लिए अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए।

कले टर श्री सिंघल ने लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को लंबित प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मु यमंत्री सीखों कमाओं योजना के पंजीयन की स्थिति, मु यमंत्री स्कूटी योजना की प्रगति के साथ- साथ खाद्यान्न वितरण सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अवैध निर्माण को नपा की मूक सहमति, पार्षदों ने दिखाएँ विरोधी तेवर

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली एवं मनमानी से सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों में आक्रोश का लावा फूटकर सामने आ रहा है, और दोनो दलों के पार्षदों का गुस्सा मु य नगरपालिका अधिकारी पर फूट रहा है । जानकारी के अनुसार बुधवारी तालाब के किनारे नगर पालिका के निर्मित व्यवसायिक का पले स कुछ वर्षो पूर्व तालाब के अंदर निर्मित पिल्लहरों ने नपा के इंजीनियरों की योग्यता की कलई खोल दी थी और वे धराशाही हो गये थे तथा अनेक दुकाने गिर गयी थी । नगर पालिका ने सुरक्षा की दृष्टि से इन दुकानों के पुर्ननिर्माण को रोक दिया था परंतु सिवनी में कांग्रेसी अध्यक्षीय परषिद के सत्ता में आते ही उन व्यवसायिक का पले सों का अनैतिक तरीके से निर्माण प्रारंभ हो गया है और का पले स की कुछ दुकाने तेजी से बन रही है । सिवनी नगर पालिका कार्यालय के द्वारा इन दुकानों के निर्माण के लिये किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी गयी है परंतु दुकाने तेजी से निर्मित हो रही है और इस बात की जानकारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, मु य नगर पालिका अधिकारी और निर्माण कार्य की अनुमति देने वाले सभी जि मेदार खुली आँखों से देख भी रहे है कि दुकानों का निर्माण अवैध तरीके से हो रहा है परंतु इस निर्माण कार्य पर कोई रोक लगाने की हि मत नहीं कर पा रहा है ।

बुधवारी तालाब की जो दुकाने निर्मित हो रही है वह नगर पालिका कार्यालय के बाजू में है और यहाँ किसी की नजर न गयी हो ऐसा नहीं कहा जा सकता परंतु अवैध निर्माण को रोकने का कोई साहस यों नहीं कर रहा यह समझ से परे है । इस बात को लेकर सत्ता के पक्ष और विपक्ष के कुछ पार्षदों ने आपत्ति भी लगा दी परंतु मु य नगर पालिका अधिकारी इन अवैध निर्माण कर्त्ताओं पर कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं कर रहे है । आपत्तिकर्त्ता पार्षदों का कहना है कि जि मेदार अधिकारी और अध्यक्ष किस मजबूरी के कारण इस अवैध निर्माण पर कार्यवाही नही कर यह समझना मुश्किल है।



विवेकानंद वार्ड से पार्षद राजेश राजू यादव ने जिला कले टर को एक पत्र लिखकर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के बुधवारी तालाब के किनारे अवैधानिक तरीके से दुकानों का निर्माण किया जा रहा है उन पर तत्काल रोक लगाने और जि मेदारों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है ।

पार्षद राजेश राजू यादव ने कले टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि सिवनी नगर पालिका में कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद दोहरे मापदंड अपनाकर गैर कानूनी तरीके से काम कर रही है नगर के बुधवारी तालाब के किनारे इन दिनों दुकानों का निर्माण बिना परिषद की जानकारी के किया जा रहा है जिसके संबंध में जानकारी मांगने पर भी उपलब्ध नहीं करायी जा रही है । बुधवारी तालाब के किनारें पूर्व की परिषद द्वारा निर्माण कराया गया था जिसके पिल्लहर तालाब के अंदर होने के कारण कुछ ही वर्षो में गिर गयी थे, परंतु जिस समय यह दुकाने गिरी उस वक्त दुकाने बंद थी अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी । इन्ही दुकानों का निर्माण वर्तमान में पुनः किया जा रहा है परंतु यह निर्माण कौन करा रहा है यह सिवनी नगर पालिका द्वारा नहीं बताया जा रहा है और न ही सिवनी नगर पालिका परिषद के पास इस निर्माण कार्य से संबंधित कोई स्वीकृति है उसके बाद भी नगर पालिका परिषद के जि मेदार अधिकारी और परिषद के अध्यक्ष द्वारा निर्माण कार्य को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया जबकि यह निर्माण कार्य परिषद कार्यालय के ही नजदीक हो रहा है और परिषद के अधिकार क्षेत्र वाले भू खंड में हो रहा है ।

पार्षद राजू यादव ने अपने पत्र में कहा कि इसीके विपरीत तालाब के किनारे पिछले कई दशको से निवास करने वालो को सुरक्षा का बहाना बताकर उन्हें उनके निवास क्षेत्र से बेदखल करने के लिये नोटिस दिये गये है । गरीबो को 100 मीटर दूर तक के भूखंड खाली करने के लिये कहा जा रहा है वहीं तालाब के अंदर दुकानों के पिल्लहर खड़े कर निर्माण किया जा रहा है और यह निर्माण कौन कर रहा है यह भी परिषद के पास जानकारी नहीं है और शिकायत के बाद भी कार्यवाही भी नहीं की जा रही है जिससे प्रतीत होता है कि दुकान का अवैध तरीके से निर्माण कार्य मु यनगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष की सहमति से हो रहा है और इसके एवज में ऐसा प्रतीत होता है कि बड़े रूप में भ्रष्टचार भी किया गया है । श्री यादव ने दुकानों के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने एवं मामले सूक्ष्मता से जाँच की मांग की है ।

परिषद की ओर से का पले स का निर्माण नहीं कराया जा रहा है और न ही निर्माण कार्य की कोई अनुमति दी गयी दुकानो का निर्माण अवैध तरीके से हो रहा है मैं दिखवाता हूँ कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी ।

मु य नगर पालिका
अधिकारी सिवनी

अनुमति दी गयी है या नहीं इसकी मुझे जानकारी नहीं है इस संबंध में मु यनगर पालिका अधिकारी से चर्चा करूंगा मुझे इस बात की जानकारी है कि कुछ पाषदों ने इस निर्माण कार्य पर आपत्ति लगायी है ।

लोकनिर्माण सभापति सेंगर

सिवनी नगर पालिका परिषद भारी दबाव में काम कर रही है बुधवारी तालाब के किनारे दुकानो का निर्माण नियम कानूनों को ताक पर रखकर किया जा रहा है गलत कामों का हम अपने पार्षदों के साथ लगातार विरोध कर रहे है दुकानो के अवैध निर्माण के संबंध में हमारे पार्षदों के साथ हमने शिकायत की है और कार्यवाही सुनिश्चित कराने के प्रयास किये जा रहे है ।

ज्ञानचंद सनोडिया नेता
प्रतिपक्ष नगर पालिका
परिषद सिवनी

बुधवारी तालाब के किनारे दुकानों का निर्माण नियमों के अनुसार हो रहा है जिन व्यक्तियों के आधिपत्य में दुकाने थी वे ही निर्माण कर रहे है मु य नगर पालिका अधिकारी ने निर्माण की सहमति प्रदान की है ।

राजिक अकील
सभापति नगर पालिका
परिषद सिवनी

## 25 अगस्त को आयोजित होगी जनशिक्षा केंद्र स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा

सिवनी यशोः- संचालक राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार 25 अगस्त 23 को प्रातः 11 बजे से जिले के 80 जनशिक्षा केंद्रों में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा हेतु जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से 8 तक के अध्यनरत कुल 25415 बच्चे पंजीकृत किए गए हैं। समस्त शाला प्रमुख एवं अभिभावकों से अनुरोध है की उक्त परीक्षा हेतु पंजीकृत शत प्रतिशत बच्चों को परीक्षा में स मिलित कराने का प्रयास करें।

## निविदा आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिला आबकारी अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुा, राजसात किए गए वाहनों के नीलामी के लिए सीलबंद निविदा 5 सित बर 23 को दोपहर 1 बजे तक जिला आबकारी अधिकारी सिवनी में आमंत्रित की गई है। प्राप्त निविदा 5 सित बर को दोपहर 3 बजे आबकारी नियंत्रण कक्ष बरघाट रोड कार्यालय में गठित समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर संबंधित कार्यालय में कर सकते हैं।

## जबरन नॉलेज




# खुर्सीपार गांव में कुएं का दूषित पानी पीने से बीमार पड़े लोग

*** डायरिया का फैला प्रकोप**
***30 से अधिक लोग बीमार**
*** बीमारों को छपारा अस्पताल में कराया गया भर्ती**
***पीड़ित मरीजों का इलाज जारी**
***गांव पहुंचकर भी इलाज कर रही है स्वास्थ्य विभाग की टीम**
***कुएं के पास मौजूद गड्ढों का दूषित पानी कुएं में मिलने से फैल रही बीमारी**



छपारा यशोः- नगर छपारा से लगभग 3 किलोमीटर दूरी पर बसे ग्राम खुर्सीपार मे दूषित पानी पीने से बीमार पड़ रहे लोग ।छपारा अस्पताल में भर्ती मरीज के अनुसार करीब 30 लोग दूषित पानी पीने से बीमार पड़ गए हैं.सभी डायरिया से पीड़ित लोगों का छपारा अस्पताल में इलाज जारी है.वही बाकी लोगों का स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव जाकर भी इलाज कर रही है.बता दें कि यहां पर कुएं के पास मौजूद जो गड्ढे हैं उन में दूषित पानी भरा हुआ है वह रिस कर कुएं में जा रहा है,जिसके चलते बीमारी फैल रही है. छपारा अस्पताल के बीएमओ डॉ टर टीएस इनवाती ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मरीजों का परीक्षण कर रही है जिससे वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो रहे है।

**एक कुएं से दूसरे कुएं में लाया जा रहा है पानी –**

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खुर्सीपार पर के द्वारा पेयजल प्रदाय करने के लिए जंगल के पास मौजूद एक कुएं से गांव के करीब मौजूद कुंए में पानी लाया जा रहा है पानी काफी दूषित है जिसके पीने से लोगों की तबीयत बिगड़ी है और कुआं के आसपास भी गंदगी का आलम है जिसके चलते लोग दूषित पानी पीने से बीमार पड़ गए वहीं डॉ टर टी एस इनवाती बीएमओ जानकारी देते हुए बताया कि सभी मरीजों का इलाज चल रहा है वहीं स्वास्थ्य विभाग की एक टीम खुर्सीपार गांव भी भेजी गई है साथ ही उनका इलाज किया जा रहा है सभी मरीज खतरे से बाहर है।

# बम भोले कावड़ यात्रा आनंदपूर्ण संपन्न

सिवनी यशोः- भगवान् श्री लक्ष्मी नारायण जी के आशीर्वाद से लक्ष्मीनारायण मंदिर बस स्टेण्ड से प्रार भ होकर मां बेनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से 21 अगस्त सोमवार प्रातः से दिघौरी तक मोटर सायकल से निकाली गई। पवित्र बम-बम भोले कांवड यात्रा शिव भजनो की सुमधुर धुन के साथ निकाली जाएगी जिसमें समिति के सभी सदस्य एवं शिव भक्त शामिल हुए।



देवाधि देव महादेव भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास मे ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली बम बम भोले कावड़ यात्रा इस वर्ष भी मोटर सायकल वाहनों से प्रातः 8:30 बजे मां बैनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से कलशों में पवित्र जल भरकर बम-बम भोले के जय उदघोष के साथ निकाली गई। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के सभी सदस्यों के द्वारा उदगम स्थल मुंडारा मे विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां बैनगंगा की आरती व पूजनपाठ किया गया गया, तदोपरांत डी जे की सुमधुर धुन मे शिव भजनो के साथ बम-बम बोले कांवण यात्रा आरंभ होकर बडकुमारी, गोपालगंज मार्ग से होते हुए मातृधाम पहुंची। जहां पर सभी श्रद्धालुगणों द्वारा विराजित मां त्रिपुर सुंदरी का दर्शन, पूजन कर तत्पश्चात यात्रा कातलबोडी से मुंगवानी होते हुए पितृधाम दिघौरी पहुंची। बाबा भोलेनाथ के विश्व प्रसिद्ध पारदर्शी स्फटिक शिवलिंग पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यों व श्रद्धालुगणों के द्वारा पवित्र मां बैनगंगा के जल से जलाभिषेक कर प्रसाद वितरण किया गया।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति की ओर से आप सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त किया इन्होने सैकड़ों की सं या में पहुंचकर कावड़ यात्रा को सफल बनाया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मंगल कामनाओं के साथ किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**-हर-हर महादेव के गुंजायमान नारों के साथ श्रद्धा पूर्वक किया गया कांवड़ यात्रा का समापन**
**-श्री राय की ओर से आयोजित भोजन प्रसाद को हजारों श्रद्धालुओं ने किया गृहण**



सिवनी यशोः- मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से निकाली गयी बम-बम भोले कांवड़ यात्रा का गुरु रत्नेश्वर धाम मंदिर दिघौरी मे विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित शिवभक्तों के द्वारा हर-हर महादेव के गुंजायमान नारों के साथ भगवान भोलेनाथ का श्रद्धा पूर्वक विधि विधान से जलाभिषेक, पूजन कर समापन किया गया। ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास पर मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से निकाली जाने वाली शिवभक्तों की दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का आज गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी मे विधायक श्री राय सहित कांवड़ियों द्वारा श्रद्धा पूर्वक विधि विधान से जलाभिषेक, पूजन कर समापन किया गया। कांवड़ यात्रा के द्वितीय दिवस सोमवार 21 अगस्त 2023 को पावन श्रावण सोमवार पर प्रातः काल 04:00 बजे विधायक श्री राय ने शिव भक्त कांवड़ियों के साथ मंदिर मे माता रानी के दर्शन व पूजन के पश्चात धर्म और आस्था की कांवड यात्रा



प्रारंभ कर ग्राम करहैया, जैतपुर, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौड़ा होते हुए प्रातः 11:30 बजे गुरुरत्नेश्वर धाम दिघौरी पहुंचे। जहां पर श्री राय द्वारा सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ कांवड़ मे भरकर लाये गये मां बैनगंगा के पवित्र निर्मल जल से मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के विश्व प्रसिद्ध पारदर्शी स्फटिक शिवलिंग का विद्वान श्री सागर जी महाराज के मुखारविंद से प्रवाहित मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक व पूजन किया गया।

इसके पश्चात विधायक श्री राय व श्रद्धालुगणों द्वारा मंदिर प्रांगण मे ब्रह्मलीन पूज्यपाद जगतगरु स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन की ओर से भक्तजनों के लिए आयोजित भोजन प्रसाद ( भंडारे) को हजारों श्रद्धालुओं द्वारा गृहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर हजारों की सं या मे शिवभक्त श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# नरेला विधानसभा महाकाल दर्शन यात्रा

*** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने उज्जैन के लिये दूसरे जत्थे की 201 बसों को किया रवाना**
*** मंत्री सारंग ने बहनों के साथ बस में किया भजन-कीर्तन**
*** दूसरे जत्थे में 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किये बाबा महाकाल के दर्शन**

भोपाल । चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग की पहल पर नरेला विधानसभा से शिव भक्तों के लिये हर रविवार निःशुल्क उज्जैन महाकाल दर्शन यात्रा की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में मंत्री श्री सारंग ने श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिये करीब 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के दूसरे जत्थे को करीब 201 बसों से रवाना किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि उनके लिये नरेला विधानसभा नहीं बल्कि नरेला परिवार है। हर वर्ष 1 लाख से अधिक बहनें उन्हें राखी बांधती हैं। जो नरेला परिवार को एक अटूट विश्वास की डोर से बांधता है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में रक्षा बंधन के पूर्व बहनों को उपहार स्वरूप नरेला विधानसभा की माताओं-बहनों के साथ ही हजारों की सं या में शिव भक्तों को उज्जैन में विराजे बाबा श्री महाकाल के दर्शन के लिये निःशुल्क यात्रा की शुरूआत की गयी है। यात्रा में आने-जाने से लेकर श्रद्धालुओं के नाश्ते व भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क की गई है।

**बहनोंके साथ किया भजन-कीर्तन**

मंत्री श्री सारंग ने बस से महाकाल के दर्शन करने जा रही बहनों के साथ भजन-कीर्तन किया। उन्होंने बहनों के साथ भगवान शिव के भजन गाये। सभी बहनें ढोलक मंजीरा बजाते हुए भगवान शिव के भजन गाते नज़र आयी। मंत्री श्री सारंग का यह सहज भाव व सहृदयता देखकर बहनें गदगद हो गई।

**हर रविवार श्रद्धालु करेंगे महाकाल के निःशुल्क दर्शन**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि निःशुल्क महाकाल दर्शन यात्रा के लिये नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में डोर-टू-डोर पंजीयन किया जा रहा है। इसके तहत दो माह तक हर रविवार को हजारों श्रद्धालुओं को उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिये रवाना किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिये सभी यात्रियों को फोटोयुक्त आईडी प्रदान की गई है। इस आईडी पर मंत्री कार्यालय के 3 नंबर भी अंकित किये गये हैं। जिनपर किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।

**बहनों ने जताया मंत्री सारंग का आभार**

उज्जैन यात्रा के लिये नरेला विधानसभा की बहनों ने मंत्री श्री सारंग का आभार व्यक्त किया। यात्रा पर जा रही बहनों ने कहा कि श्रावण मास में शिव भक्तों को बाबा महाकाल के निःशुल्क दर्शन यात्रा की शुरूआत कर मंत्री श्री सारंग ने पुनीत कार्य किया है। मंत्री श्री सारंग ने यात्रा में साथ जा रहे कार्यकर्ताओं को श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ ही उनके सुव्यवस्थित दर्शन की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। श्री सारंग ने सभी श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी।

# भारत में तेज गति से बढ़ रही है नागरिकों की औसत आय

**प्रहलाद सबनानी-**



भारत में लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति का असर अब देश के नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी देखने को मिल रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से स बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से स बंधित आय कर विवरणियों की सं या रिकार्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे।

वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच नि न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2047 के बीच नि न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 25 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी। इसका कारण यह बताया गया है कि देश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ अब आम नागरिकों की आय में वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है, जिसके चलते नि न आय की श्रेणी के नागरिक उच्च आय की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं।

दूसरे, आयकर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की सं या लगातार बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, देश में आय कर विवरणियां दाखिल करने योग्य नागरिकों में से केवल 22.4 प्रतिशत नागरिक ही आय कर विवरणियां दाखिल कर रहे हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह सं या बढ़कर 85.3 प्रतिशत होने जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष (2500 अमेरिकी डॉलर) आंकी गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 14.9 लाख रुपए प्रतिवर्ष (12,400 अमेरिकी डॉलर) होने जा रही है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आर्थिक कार्यक्रमों जैसे 'स्किल इंडिया' आदि के चलते प्रति व्यक्ति आय में उक्त वृद्धि होने जा रही है। साथ ही, भारत के लिए कई नए क्षेत्रों जैसे 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स', 'इले ट्रॉनिक व्हीकल्स', 'स्पेस टे नॉलजी' डिफेन्स के क्षेत्र, आदि में अपार स भावनाएं मौजूद हैं और इन क्षेत्रों में भारत का दबदबा बढ़ने की स भावना है।

दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से श्रमिकों का पलायन हो रहा है ` योंकि यह राज्य उद्योग प्रधान राज्य हैं। श्रमिकों के पलायन से इन राज्यों को सीधे सीधे लाभ हो रहा है ` योंकि इससे इन राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं इससे इन राज्यों से आय कर विवरणियां भी अधिक सं या में फाइल हो रही हैं। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2012 में कुल आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों में से 84.1 प्रतिशत नागरिकों ने कर निर्धारित की जाने वाली राशि से कम राशि (शून्य कर देयता राशि) की आय कर विवरणियां फाइल की थीं जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह सं या घटकर 64 प्रतिशत हो गई है, इससे भी यह झलकता है कि अब नागरिकों की औसत आय में वृद्धि हो रही है।

चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रे शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी क पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। चीन की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने इतना अधिक कर्ज लिया है कि अब इस कर्ज पर ब्याज चुकाने के लिए भी उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है।

चीन में युवाओं की आबादी कम होकर बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है। चीनी युवाओं का ही चीन की अर्थव्यवस्था पर अब भरोसा नहीं रहा है। इस माहौल में विदेशी निवेशकों ने चीन में निवेश करने से मुंह मोड़ लिया है। अब विदेशी निवेशक जापान, ताईवान एवं भारत जैसे देशों की ओर रूख कर रहे हैं। जापान में चूंकि युवाओं की आबादी बहुत कम है एवं बुजुर्गों की आबादी अधिक होती जा रही है अतः विदेशी निवेश को स हालने की ताकत जापान में अब पहिले जैसे नहीं रही है। इसके साथ ही ताईवान एक छोटा देश है अतः अत्यधिक बढ़ी राशि के विदेशी निवेश ताईवान में करने की अपनी सीमाएं हैं। जबकि भारत में युवाओं की आबादी विश्व में सबसे अधिक है एवं भारत में उत्पादित वस्तुओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा उपभोग बाजार उपलब्ध है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब विदेशी निवेशकों को निवेश की दृष्टि से केवल भारत ही एक आकर्षण का केंद्र नजर आ रहा है।

विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसं या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर पर पहुंच जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में 53 करोड़ नागरिक, कार्यशील जनसं या (15 से 64 वर्ष के बीच) की श्रेणी में शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह सं या बढ़कर 72.5 करोड़ हो जाएगी। अर्थात, वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की कुल जनसं या का 37.9 प्रतिशत भाग ही कार्यशील जनसं या की श्रेणी में शामिल है जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही, कार्यशील जनसं या में से वित्तीय वर्ष 2023 में आय कर अदा करने की श्रेणी में 31.3 करोड़ नागरिक शामिल थे जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 56.5 करोड़ हो जाएंगे। यह वित्तीय वर्ष 2023 में कुल कार्यशील जनसं या का 59.1 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 78 प्रतिशत हो जाएगा।

युनाईटेड नेशन्स के एक अन्य अनुमान के अनुसार भारत में कार्यशील जनसं या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2040 तक बढ़ती रहेगी एवं अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच कर इसके बाद घटनी शुरू होगी। वर्ष 2047 में भारत की कुल कार्यशील जनसं या का 22 प्रतिशत भाग ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहेगा। वर्ष 2047 तक भारत की कुल कार्यशील जनसं या का अधिकतम हिस्सा (78 प्रतिशत) उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत होगा जिससे इस वर्ग की औसत आय और अधिक तेजी से बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

# मजदूरों के हित में सर्वाधिक योजनाएँ अमल में लाने वाला राज्य बना मध्यप्रदेश

## हर कदम पर सामाजिक सुरक्षा, सवा पाँच लाख़ मजदूरों को 4917 करोड़ की सहायता

भोपाल । मजदूरों के लिए मु यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना सहित 22 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संचालन के साथ मध्यप्रदेश मजदूर परिवारों के हित में सर्वाधिक योजनाएँ अमल में लाने वाला राज्य बन गया है। इन योजनाओं का लाभ देने के लिए श्रम सेवा पोर्टल काम कर रहा है।

मु यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना में पिछले डेढ़ दशक में 5 लाख 25 हजार मजदूरों को 4917 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। अब तक एक करोड़ 61 लाख मजदूरों का पंजीयन किया गया है। कोविड संक्रमण के कठिन समय में श्रमिक परिवारों को इन योजनाओं से भरपूर मदद मिली थी।

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों पर श्रमिक बन्धुओं के लिए प्रदेश में सर्वाधिक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। इनमें अनुग्रह सहायता, स्थाई एवं अस्थाई रूप से अपंग होने पर सहायता, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों को शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा पुरस्कार योजना, रियायती मूल्य पर कॉपी वितरण योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, कल्याणी सहायता योजना, मु यमंत्री जन-कल्याण प्रसूति सहायता योजना, कक्षा दसवीं और 12 वीं के लिए सुपर-5000 योजना, सायकिल और उपकरण खरीदने के लिए अनुदान योजना, उत्तम श्रमिक पुरस्कार योजना, श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना, अनुग्रह सहायता योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।




वित्तीय वर्ष 2022 में श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं में 6646 श्रमिकों को 4 करोड़ 30 लाख 67 हजार रुपए की सहायता दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक मंडल की विभिन्न योजनाओं में 2043 मजदूरों को एक करोड़ 41 लाख 18 हजार रुपए की सहायता दी गई है। इन योजनाओं के प्रारंभ से अब तक 5 लाख 86 हजार मजदूरों को रू. 35 करोड़ 77 लाख की सहायता दी गई।

मध्यप्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से 2008-09 से 2022-23 तक 17 हजार 274 श्रमिकों को 8 करोड़ 55 लाख रूपये की सहायता दी गई। मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल में दर्ज सभी कामगारों को सहायता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंडल की विभिन्न योजनाओं में 34500 निर्माण श्रमिकों को 275 करोड़ का लाभ दिया गया। योजनाओं के प्रारंभ से अब तक 40 लाख 17 हजार हितग्राहियों को 2592 करोड़ रुपए के हितलाभ दिए गए।

प्रदेश में श्रमिकों को ओवरटाइम के लिए उनकी सहमति जरूरी है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ता दिया जाना तथा नियम अनुसार समय-सीमा में वेतन का भुगतान किया जाना आवश्यक है। कामगारों का स्वास्थ्य नियमित परीक्षण कराया जा रहा है। हाल में 35 शिविर लगाकर 7000 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

विवाह सहायता, शिक्षा सहायता, सुपर 5000 कक्षा-10, सुपर 5000 कक्षा-12, आवास, सायकल अनुदान, औजार उपकरण खरीदी योजना, अनुग्रह सहायता, रैन बसेरा निर्माण, खिलाड़ी प्रोत्साहन और निर्माण श्रमिक शेड जैसी योजनाओं में 178 करोड़ रूपये सहायता 27 हजार प्रकरणों में दी गई।

वर्ष 2008 से 2022-23 तक शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, विवाह सहायता योजना रियायती मूल्यों पर कापी, कल्याणी सहायता, उत्तम श्रमिक और श्रमिक साहित्य पुरस्कार के लिए 33 करोड़ 73 लाख की सहायता 5 लाख 83 हजार श्रमिकों को दी गई।

असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों के लिए असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल संबल-2 में 20 लाख पंजीयन हो चुके हैं। असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे 45 लाख से ज्यादा मजदूरों को 2510 करोड़ रूपये की सहायता दी गई है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए श्रमोदय विद्यालयों का निर्माण तेजी से हो रहा है।

# कुत्ते को बेरहमी से पीट रहा था शराबी, रोकने पर कर दी पत्नी और बच्चों की हत्या और कर लिया सुसाइड

उज्जैन। मध्य प्रदेश की धार्मिक राजधानी उज्जैन में एक शराबी ने परिवार के साथ खूनी होली खेली. जहां उसने अपने दो बच्चों की हत्या करने के बाद पत्नी को भी मौत के घाट उतार दिया. तीन लोगों की हत्या की करने के बाद शराबी ने खुद आत्महत्या कर ली. इस दौरान दो बच्चे हत्यारे के चंगुल से बचकर भाग निकले, इस घटना की खबर फैलते ही इलाके में अफरा तफरी मच गई. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बालोदा अलसी में रहने वाले दिलीप सिंह पवार द्वारा शराब के नशे में कुत्ते के बच्चे को पीटा जा रहा था. इस बात को लेकर परिवार के सदस्यों ने एतराज जताया. इस बात से दिलीप कुमार इतना नाराज हुआ कि उसके सिर पर खून सवार हो गया. बडनगर थाना प्रभारी बीडीएस तोमर ने बताया कि दिलीप ने तलवार



निकालकर पत्नी गंगाबाई पर कई वार किए. इस दौरान बड़ी बेटी नेहा बचाने के लिए आई तो उस पर भी दिलीप तलवार लेकर टूट पड़ा. घर में लड़ाई होते हुए देखकर बेटे योगेंद्र, अभेंद्र और बुलबुल ने शराबी पिता को रोकने की कोशिश की, तो दिलीप ने उन पर भी तलवार हमला कर दिया. इस घटना में नेहा, योगेंद्र, गंगाबाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभेंद्र और बुलबुल मौके से भाग निकले.

**आरोपी ने गला रेत कर ली खुदकुशी**

इस हत्याकांड को लेकर बडनगर थाना प्रभारी बीडीएस तोमर ने बताया कि आरोपी दिलीप सिंह चौहान ने सबसे पहले पत्नी, बेटी और बेटे की हत्या की. इस हमले में बीच बचाव के दौरान बुलबुल और उसका भाई अभेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गये. उन्हें उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय बड़नगर में दाखिल कराया गया है. इस घटना के बाद दिलीप सिंह ने खुद का गला रेत कर खुदकुशी कर ली.

**पुलिस अधिकारियों का भी दिल पसीज गया**

इस घटना की सूचना गांव के कोटवार ने पूलिस को दी. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी दिलीप सिंह ने अपने दोनों छोटे बच्चों पर तलवार से एक के बाद एक की वार किये, जिससे वे घायल हो गये और उनके शरीर से पूरा खून बह गया. आरोपी ने दुर्दांत तरीके से वारदात को अंजाम दिया. इस घटना से पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है.

# हेडगेवार जी के प्रतिबि ब थे तराणेकर जी - सोनी


## आद्य सरसंघचालक हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण एवं प्रेरणापुंज तराणेकर जी पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित

ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्व.लक्ष्मणराव तराणेकर जी आद्य सरसंघचालक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार जी के प्रतिबि ब थे। वह हेडगेवार जी के देश कार्य की पूर्णता में जीवन भर समर्पित भाव से संलग्न रहे। यह अखंड प्रक्रिया है। यह कार्यक्रम तराणेकर जी के गुणगान करने के लिए नहीं है बल्कि उनका स्मरण कर अपने जीवन में आए ठहराव को दूर कर जाग्रत करने के लिए है। इसलिए सभी तराणेकर जी के संस्मरणों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता और देश के उत्थान के लिए सजगता से काम करें।

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने रविवार को आद्य सरसंघचालक परम पूज्य डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा अनावरण एवं प्रेरणापुंज तराणेकर जी पुस्तक के विमोचन समारोह में मु यवक्ता की आसंदी से कही।

राष्ट्रोत्थान न्यास ग्वालियर एवं श्री लक्ष्मणराव तराणेकर स्मृति शिक्षा समिति ग्वालियर के तत्वावधान में शिवपुरी लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर केदारधाम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डे एवं ग्वालियर विभाग संघचालक विजय गुप्ता और राष्ट्रोत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र बांदिल भी मंचासीन रहे। अतिथियों ने सबसे पहले केधारधाम परिसर में हवन कर हेडगेवार जी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया।

पुस्तक विमोचन समारोह में मु यवक्ता श्री सोनी ने कहा कि हेडगेवार जी और तराणेकर जी का जीवन एक जैसा था। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक बार नागपुर में आयोजित बैठक में भाग लेने जा रहे आद्य संघचालक की गाड़ी खराब हो गई तो वह पैदल चलकर बैठक में पहुंचे। इसी तरह डबरा में आयोजित एक बैठक में शामिल होने जा रहे तराणेकर जी का वाहन रास्ते में खराब हो गया। समय के पाबंद तराणेकर जी पैदल चलकर बैठक में पहुंचे। वह कार्य के प्रति बेहद सजग रहते थे। उनका पूरा जीवन समाज



के लिए समर्पित रहा। वह हर एक कार्यकर्ता की चिंता करते थे। उन्होंने धैर्य के साथ कार्यकर्ताओं को देश और समाजहित में कार्य करने के लिए तैयार किया।

इससे पूर्व डॉ.राजेन्द्र बांदिल ने प्रेरणापुंज तराणेकर पुस्तक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पुस्तक को प्रकाशित करने की योजना करीब डेढ़ वर्ष पहले बनी थी। जो आज साकार रूप में हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से कार्यकर्ताओं को सीख मिलेगी। श्री बांदिल ने बताया कि इस पुस्तक को मूर्तरूप देने में नरेश त्यागी, वसंत कुंटे, सुधीर शर्मा का अथक परिश्रम रहा है। नरेश त्यागी ने स्व.तराणेकर जी के भतीजे आनंद तराणेकर के भेजे संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र बांदिल, अरुण अग्रवाल, डॉ.श्रीप्रकाश लोहिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन निरुपम निवासकर ने किया।

**ईमानदारी से जीवन जीने की देते थे प्रेरणा- पराडकर**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री श्रीधर पराडकर ने तराणेकर जी के जीवन के दो उदाहरण देते हुए कहा कि वह कर्तव्य पथ पर चलते हुए ईमानदारी से जीवन जीने की प्रेरणा देते थे। उन्होंने बताया कि संघ कार्यालय में डाक से आने वाले पत्रों पर लगे टिकट पर जब सील लगी नहीं होती थी तो कुछ कार्यकर्ता उसे दोबारा उपयोग में लाने के लिए उसे छुटाते थे, लेकिन तराणेकर जी उन्हें यह कहकर रोक देते थे यह देश के साथ धोखा करना है। इसी तरह प्रवास के दौरान बस कंडे टर ने तराणेकर जी सहित चार अन्य स्वयंसेवकों के टिकट नहीं बनाए तो उन्होंने पूछा कि कंडे टर ने हम लोगों के टिकट ` यों नहीं बनाए तो उन्हें बताया गया कि कंडे टर स्वयंसेवक का भाई है। इस पर तराणेकर जी ने कहा कि यह बात ठीक नहीं है। हम बस में यात्रा कर रहे हैं तो टिकट तो लेना ही चाहिए। उन्होंने आदेश दिया जाओ अपने टिकट बनवाओ।

**तराणेकर जी में थे एक मां और आदर्श पिता के गुण- जगराम जी**

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रचारक जगराम जी ने भावुक होकर संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्व.तराणेकर जी में मां और एक आदर्श पिता के गुण थे। वह अपने हिस्से में से हमें पपीता खिलाते थे। यही नहीं वह स्वयं फटे कपड़े पहनते थे और जब हमारे कपड़े फट जाते थे तो वह चिंता कर कपड़ों की व्यवस्था करवाते थे। स्मृतियों में खोते हुए जगराम जी रुआंसे होते हुए बोले आज हमें जो नया जीवन मिला है वह तराणेकर जी की ही देन है। अगर वह चिंता न करते तो शायद हम बीमारी से ठीक न हो पाते। संघ कार्य से बाहर होने की वजह से उनसे अंतिम मुलाकात न होने का आज भी हमें अफसोस होता है।

**दृढ़ निश्चयी थे तराणेकर जी- ओक**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि तराणेकर जी दृढ़ निश्चयी थे। वह जो ठान लेते थे वह कर दिखाते थे। जब उनका शरीर शिथिल होने लगा तो उन्होंने मुझसे कहा कि अनिल मुझे हरिद्वार चलना है। मैंने पूछा कितने दिन रुकना है तो उन्होंने बताया कि मुझे वहीं छोड़ देना। मैंने आश्चर्य से इसका मतलब पूछा तो उन्होंने बताया कि अब मेरा शरीर जर्जर हो गया है। आगे चलकर मेरी सेवा में एक कार्यकर्ता लगेगा। जिसे संघ कार्य करना चाहिए वह एक निरर्थक काम में लगे यह ठीक नहीं है। मैं किसी पर बोझ नहीं बनना चाहता हूं। जब मैंने उनकी यह बात नहीं मानी तो उन्होंने भोजन करना छोड़ दिया। इसी कारण अंततः तराणेकर जी ने प्राण छोड़ दिए। इसलिए तराणेकर जी का जीवन मेरे लिए प्रेरणादायी तो है,लेकिन अनुकरणीय कठिन है।

**इनका हुआ स मान**

आद्य संघचालक हेडगेवार की प्रतिमा को निःशुल्क बनाने वाले प्र यात मूर्तिकार प्रभात राय एवं ठेकेदार निशिकांत मोघे को मु यवक्ता सुरेश सोनी ने स मानित किया।

**प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र**

इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। जिसमें मध्यभारत शिक्षा समिति, स्वदेश, नागरिक सहकारी बैंक, आरोग्यधाम अस्पताल सहित सेवाभारती के सेवाकार्यों को दर्शाया गया। जिसका अतिथियों सहित अन्य लोगों ने अवलोकन कर सराहा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती पर राज्य सरकार को दी बधाई

## मु यमंत्री चौहान ने नवनियुक्त 5 हजार 580 शिक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति बधाई पत्र

***शिक्षकों पर भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जि मेदारी है- प्रधानमंत्री मोदी**

***शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता करना मेरा दायित्व -मु यमंत्री चौहान**

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मु यमंत्री चौहान ने शिक्षकों से किया संवाद**

***प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली जुड़े नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम से**

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जि मेदारी है। प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग सुश्री मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

**मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर हुए विशेष प्रयास**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जि मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पार परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टे नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास हुए हैं। सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों के लिए उनकी मातृ भाषा में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

**शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है**

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नव नियुक्त शिक्षाकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मु यमंत्री श्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कु हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जि मेदारी है।

**मु यमंत्री चौहान ने आदिपुरूष शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और भगवद गीता के प्रसंगों से शिक्षकों को किया प्रेरित**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आदिपुरूष शंकराचार्य जी ने कहा था जो मुक्ति दिलाए, वही शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ है जो इस लोक में हमें रहने के लायक बना दे, अर्थात हमें ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार दे वही शिक्षा है। मेरी प्रेरणा स्वामी विवेकानंद रहे हैं। वे कहते थे शिक्षा वह है जो मुनष्य को मनुष्य बना दे। मनुष्य का अर्थ है चरित्रवान, ईमानदार, शालीन, कर्मठ, देशभक्त और परोपकारी हो तथा जो दुनिया को बेहतर बनाए, वही मनुष्य है। मु यमंत्री श्री चौहान ने श्रीमत भगवद गीता में उल्लेखित सात्विक कार्यकर्ता के गुणों के अनुरूप अपना व्यक्तित्व विकसित करने का नवनियुक्त शिक्षकों से आव्हान किया।

**कथनी और करनी में समानता जरूरी है**

मु यमंत्री श्री चौहान ने अपने शिक्षक श्री रतनचंद्र जैन का स्मरण करते हुए कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूँ, उसका स पूर्ण श्रेय मेरे गुरु श्री जैन को है। उन्होंने सीमित संसाधनों में हमारी क्षमताओं को निखारा। शिक्षक के रूप में संचित ज्ञान आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करना, उन्हें कौशल और नागरिकता के संस्कार देना आपका दायित्व है। यह दायित्व सही तरीके से निर्वहन करने के लिए आवश्यक है कि आप का आचरण और व्यवहार ठीक हो। इस संबंध में महात्मा गांधी के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हम बच्चों से जैसे व्यवहार की अपेक्षा है वैसा आचार- व्यवहार पहले हमें अपनाना होगा। कथनी और करनी में समानता होने से ही विद्यार्थी और उनके माता-पिता आपका अनुसरण करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं सरकार नहीं, परिवार चलाता हूँ। हम सब एक परिवार हैं।


**योग, व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक लगातार बेहतर करने और अपने कार्य में नवाचार का निरंतर प्रयास करें। सदा प्रसन्न रहें, तनाव रहित रहें, प्रातः काल योग,व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं। इससे कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने पारिवारिक और शासकीय कार्यों में संतुलन बनाते हुए बेहतर परिणाम देंगे तथा आपका जीवन भी अधिक आनंदमय बनेगा।

**नवनियुक्त शिक्षक पूरी मेहनत और समर्पण से कार्य करें**

मंत्री जनजातीय कार्य विभाग सुश्री मीना सिंह ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि समाज, देश और प्रदेश के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए नवनियुक्त शिक्षक पूरी मेहनत और स पर्ण से कार्य करेंगे, यही अपेक्षा है।

**मु यमंत्री चौहान ने सत्र 2023-24 में नवनियुक्त 5 हजार 580 शिक्षकों को नियुक्ति बधाई पत्र प्रदान किए।** कार्यक्रम में प्रत्येक संभाग के एक जिले के एक-एक प्रतिभागी को मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा बधाई पत्र प्रदान किए गए। मु यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में पधारे नवनियुक्त शिक्षकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा दीपप्रज्जवलित कर व कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में "हम शिक्षक हैं- हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे" गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।



# भागवद कथा में शामिल हुये पूर्व विधायक रजनीश सिंह

छपारा यशो:- छपारा नगर के शुभ नक्षत्र लॉन में क्षेत्रीय जनो के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में *केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने स मिलित होकर कथा व्यास




पावन सानिध्य अंतर्राष्ट्रीय भागवत प्रवक्ता बाल प्रभु धाम पीठाधीश्वर परम पूज्य शैलेंद्र नंद बाल प्रभु जी महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण किया। एवं कथा व्यास महाराज श्री का स्वागत वंदन कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल जी, जिला कांग्रेस महामंत्री गुलाब साहू जी,पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश चौहान जी एवं समस्त क्षेत्रीय धर्म प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति रही ।

# सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती हेतु विकासखण्डवार आयोजित होंगे शिविर

सिवनी यशो:- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं राज?य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयु त तत्वाधान में 24 अगस्त 22 से 05 सित बर 23 तक विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कर सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती हेतु किया जा रहा है। उक्त मेले में एसएससीआई क्ष?ेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र परसवारा अनूपपुर द्वारा अ यार्थियों की भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। रोजगार मेले में 21 से 35 वर्ष आयु, 165 सेंमी ऊचांई और 56 से 90 किग्रा वजन वर्ग के मानदंड को पूर्ण करने वाले न्यूनतम 10 वीं पास ग्रामीण बेरोजगार युवाओं का चयन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी प्राप्?त करने के लिये अ या?र्थी सुरक्षा जवान भर्ती अधिकारी के मो.नं. 9406398939 /8889315826 पर संपर्क कर सकते हैं। विकासखण?डवार आयोजित होने वाले शिविर संबंधित विकासखण्ड के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय नि ?नानुसार तिथि को आयोजित होंगे- विकासखण्ड सिवनी 24 अगस्त को, विकासखण्ड छपारा में 25 अगस्त को, विकासखण्ड कुरई में 28 अगस्त को, विकासखण्ड केवलारी में 29 अगस्त को, विकासखण्ड बरघाट में 31 अगस्त को, विकासखण्ड लखनादौन में 01 सित बर को, विकासखण्ड धनौरा में 4 सित बर को एवं विकासखण्ड घंसौर में 5 सित बर 23 को शिविर आयोजित होगा। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं है।

# जिले में 954.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशो:-भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 21 अगस्त 23 तक जिले में 954.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 अगस्त तक विकासखंड सिवनी में 905.5 मि.मी, कुरई में 706.0 मि.मी., बरघाट में 956.0 मि.मी., केवलारी में 860.0 मिमी, छपारा में 865.0 मि.मी, लखनादौन में 1371.6 मिमी, धनौरा में 989.7 मिमी एवं घंसौर में 983.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 7636.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 21 अगस्त को 23 को जिले में कुल 8476.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# स्वामी परमानंद जी महाराज ने दिया हम सब एक है का संदेश

सिवनी यशो:-20 अगस्त को समय शाम 6:00 बजे ग्राम पंचायत अगरियाखुर्द पहुंची स्नेह यात्रा में श्री स्वामी परमानंद जी महाराज तथा यात्रा के साथ चल रहे सभी सदस्यों का जनपद पंचायत अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत अगरिया खुर्द के स्थानीया जनप्रतिनिधियों सरपंच, सचिव एवं उपस्थित गणमान नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत स्वामी जी द्वारा उपस्थित समस्त जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए स्नेह यात्रा का मु य उद्देश्य बतलाते हुए समाज के बीच में जो ऊंच नीच, जात पात की भावना पनप रही है उसे समाप्त करते हुए, हम सब एक हैं तथा सबका साथ सबका विकास की विचार धारा के




साथ एक सूत्र में बंध कर मिलजुल कर रहने का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में यात्रा अगरियाखुर्द से निकलकर ग्राम पंचायत बालपुर शाम 06:30 बजे पहुंची। जहां कलश यात्रा के माध्यजम से यात्रा का स्वागत सत्कार उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया इसके उपरांत स्वामी जी द्वारा समस्त उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया गया। स्नेह यात्रा बालपुर से ग्राम पंचायत ईश्वरपुर समय 07:15 बजे पहुंची यात्रा का स्वागत बंधन उपरांत स्वामी जी के उधबोधन का कार्यक्रम चला तथा निरंतर यात्रा अपने उद्श्यों के बारे में जनजागृति का संदेश देते हुए ईश्वपुर से ग्राम पंचायत घंसौर समय लगभग 08:00बजे पहुंची जहां श्री परमानंद स्वामी महाराज जी का उनकी यात्रा का उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा गाजे बाजे के साथ बड़े ही धूम धाम से स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत यात्रा के साथ स्वामी जी सर्व प्रथम जैन मंदिर व इसी क्रम में राम मंदिर, साई मंदिर, दुर्गा मढिया के दर्शन करते हुए रेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उनका उद्बोधन व भजन कीर्तन कर यात्रा के साथ रात्रि भोजन व विश्राम किया गया।

यात्रा के दौरान विकास खंड घंसौर से अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व विशन सिंह गौड,तहसीलदार महोदय अमृत लाल धुर्वे, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शु ला, विकासखंड समन्वयक श्रीमती मधुबाला चौरसिया ब्लॉक समन्वयक श्याम सिंह उइके, अनिल नागरे नवांकुर संस्थाओं के समस्त पदाधिकारी/कर्मचारी/समाज सेवी एवं सीमएसीएलडीपी मेंटर्स एवं छात्र आदि उपस्थित रहे।

# स्नेह यात्रा में आत्मीयता से मिट रहे हैं असमानता के भाव

**संतजनों के गले लगकर भाव-विभोर हो रहा समाज**

भोपाल । समाज को सद्भावना, प्रेम और समता से जोड़ने वाली स्नेह यात्रा का आज पाँचवां दिन है। 16 अगस्त से प्रारंभ हुई यह यात्रा प्रदेश के 52 जिलों में पूज्य संतों के नेतृत्व में 26 अगस्त तक चलेगी। समाज के सभी वर्गों में आत्मीयता के भाव से असमानता के भाव मिट रहे हैं। सेवा बस्तियों में प्रवास के समय संत सानिध्य से वैसे तो सभी छोटे-बड़े आनन्दित होते हैं पर मातृशक्ति की आस्था देखते ही बनती है। बस्ती में पहुँचने पर संतजनों के पाँव पखारना, करतल ध्वनि और संकीर्तन से स्वागत और पुष्प-वर्षा से सभी का मन आनंदित हो उठता है। मातृशक्ति की आस्था स्नेह यात्रा को और भी गरिमामय बना रही है।



**गाँव-गाँव में बह रही है संत, समाज और सावन की त्रिवेणी**

भारतीय पर परा में आस्था और आध्यात्म की दृष्टि से श्रावण मास का विशेष महत्व है। इस माह में पूजा अनुष्ठानों से देव-स्थलों की चहल-पहल देखते ही बनती है। सेवा बस्तियों में संतजन स्वयं प्रवास कर रहे हैं, जिससे स्नेह यात्रा श्रावण मास को और अधिक महत्वपूर्ण बना रही है। संत, समाज और सावन की ये त्रिवेणी गाँव-गाँव में आस्था और उल्लास की झाँकी प्रस्तुत कर रही है। कलश यात्राएँ निकाली जा रही हैं। पुष्प वर्षा से संतों का स्वागत हो रहा है। जिसके पास जो है वह संतों के चरणों में समर्पित करने हेतु तत्पर हैं।

**निरन्तर बढ़ रही जन-सहभागिता**

स्नेह यात्रा प्रातः और सायंकालीन सत्रों में लगभग 5-5 बस्तियों में प्रवास करती है। दोपहर और शाम को संकीर्तन और सहभोज होता है। बस्तियों में लोगों के आग्रह पर लघु जन-संवाद भी हो रहे हैं, जिनमें लोगों की सहभागिता बढती ही जा रही है। यात्रा की लोकप्रियता के कारण आस-पास के गाँव के लोग भी संतजनों के दर्शन और यात्रा के सहभाग के लिये बड़ी सं या में आ रहे हैं। पाँच दिनों में यात्रा के दौरान 511 प्रमुख जन-संवाद एवं 2368 पूरक जन-संवाद आयोजित हुए हैं। यात्रा लगभग 3 हजार किमी से अधिक की दूरी पदयात्रा के रूप में पूरी कर चुकी है। स्नेह यात्रा में लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की प्रत्यक्ष सहभागिता हो चुकी है।

**भारी बारिश में उमड़ रहा आस्था का जन-सैलाब**

इन दिनों प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर चल रहा है। नदी-नाले ऊफान पर हैं। आवागमन भी बाधित हो रहा हैं, पर लगता है स्नेह यात्रा बारिश के प्रभाव से अछूती हैं। बड़ी सं या में बस्ती के लोग संतजनों के स्वागत और सत्संग-सहभोज में शामिल हो रहे हैं। जरूरत होने पर बस्ती का विद्यालय या पंचायत भवन सामूहिक मिलन के केन्द्र बन जाते हैं। मौसम की प्रतिकूलता के बाद भी स्नेह यात्रा में उमड़ रहा है आस्था का जन-सैलाब।

# रविदास मंदिर के बदले सभी वर्गों के दस लाख युवाओं को नौकरी दो

सिवनी यशो:-सागर में प्रदेश सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास जी का मंदिर / स्मारक बनाया जा रहा है। लेकिन संत रविदास रविदास जी की शिक्षाओं के अनुसार आम जनता को प्रसन्न करना ही सबसे बड़ा धर्म है। अतः संत रविदास जी के मंदिर के बदले मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों के दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करे तो रविदास समाज के लोगों को अति प्रसन्नता होगी।

उक्ताशय की मांग करते हुए संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि विगत 12 अगस्त को सागर जिले में संत रविदास जी का मंदिर/ स्मारक निर्माण हेतु भूमिपूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हुआ। यह मंदिर 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। इससे पहले भाजपा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश के गांव- गांव से संत रविदास समरसता यात्रा निकाली गई, जिसमे करोड़ों रुपए खर्च किए गए। करोडों रुपए विज्ञापन, होर्डिंग्स, पर्चे, साहित्य, बैनर, वाहन आदि में खर्च किए गए। सैकड़ों बस आदि के द्वारा प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में लाखों लोगों को पहुँचाया गया। भोजन, विशाल पंडाल आदि में भी करोड़ों रुपए खर्च किया गया। इससे आम जनता का कोई भला नहीं हुआ। जब संत रविदास जी का मंदिर/ स्मारक बन जाएगा, तब उसके उद्घाटन में भी इससे कई गुना धनराशि खर्च की जाएगी।

संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया है कि संत रविदास जी के मंदिर के बदले सभी वर्गों के दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने की कृपा करें। एक परिवार में करीब पांच सदस्य होते हैं। दस लाख लोगों को नौकरी मिलने से करीब 50 लाख लोगों का भला होगा। वैसे भी इस समय प्रदेश में 5 लाख सरकारी नौकरियों के पद खाली पड़े हैं। शेष 5 लाख सरकारी नौकरी के पद सृजित किए जा सकते हैं, जो विशाल धनराशि मंदिर / स्मारक निर्माण और उद्घाटन में खर्च की जाएगी उससे 10 लाख युवाओं का भविष्य सुनहरा हो जाएगा। इस तरह संत रविदास जी की शिक्षाओं का सही पालन भी होगा। आम जनता भी प्रसन्न होगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में मनाया गया रक्षाबंधन नारी शक्ति का उत्सव

**इस आकर्षक कार्यक्रम की मु य अतिथि डॉ टर सुनंदा चौधरी ,समाजसेवी रितु श्रीवास्तव ,मातृ शक्ति संगठन की अध्यक्ष सीमा चौहान ,साहू समाज की अध्यक्ष नीतू साहू की उपस्थिति मे यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।**






सिवनी यशो:-ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि हम सभी अपने बाह्य स्वरूप को लेकर तो बहुत अलर्ट रहते हैं और इसके लिए विशेष वक्त भी निकालते हैं द्य इसी तरह इस बार रक्षाबंधन में हम अपने अंतर जगत को सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्वयं को नियम मर्यादाओं के बंधन में बांधने का संकल्प करें द्य यदि हमारा आंतरिक जगत सुव्यवस्थित होगा , अंदर से हम शक्तिशाली होंगे, तो बाहरी जगत में आने वाली समस्याओं का सहज समाधान कर सकेंगे द्य इसके लिए प्रतिदिन मेडिटेशन का अ यास अवश्य करें द्य साथ ही ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने अपने मु य वक्तव्य में कहा कि यदि नारी स्वयं को शक्ति मानती है ,अपने लिए अबला सुनना पसंद नहीं करती ,स्वयं को सबल शक्ति स्वरूपा मानती तो है, लेकिन फिर भी आज अपनी सुरक्षा के लिए औरों के आगे गिड़गिड़ा रही है , ` योंकि वह अपना कीमती समय परिवार को तो दे रही है, पर स्वयं को सशक्त बनाने के लिए उसके पास वक्त नहीं है द्य लेकिन आज नारी को जागना चाहिए द्य जब विपरीत परिस्थितियों आती है तो उस समय कोई साथ नहीं देता है, इसलिए महिलाओं को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए और मन को शक्तिशाली बनाने के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन एवं सत्संग जरूर करना चाहिए द्य दीदी ने कहा महिला कमजोर है और पुरुष शक्तिशाली है यह हमारी गलत मानसिकता है द्य हमें अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता हैद्य स्त्री और पुरुष का शरीर यह तो केवल वस्त्र हैद्य स्त्री हो या पुरुष सभी एक चेतना है, एक आत्मा है ,सभी के अंदर बराबर शक्ति होती है, इसलिए नारी स्वयं को पुरुष से कमजोर ना समझे बल्कि अपने आप को आध्यात्मिक शक्ति से संपन्न बनाकर स्वयं ही मां दुर्गा ,काली बन असुरों का संहार करेंद्य संस्थान से जुड़े बहनों के द्वारा प्रेरणा दाई ड्रामा एवं नृत्य के द्वारा नारी के शक्ति स्वरूप का प्रदर्शन किया गयाद्य कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं को प्रेरणादाई उद्बोधन देकर सभी को परमात्मा से जुड़ने एवं अपने आंतरिक जगत को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित कियाद्य साहू समाज की सभी महिलाओं ने अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ,और मां दुर्गा ,मां सरस्वती ,राधा- कृष्ण की सुंदर झांकियां से स्टेज सुशोभित लग रहा था द्य सद्भावना सभागार में 12 ज्योतिर्लिंगों के बीच सभी को शिव शक्ति स्वरूपा का अनुभव कराया गया द्यशहर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सद्भावना सभागार में चार चांद लगा दिए द्य इस कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी के माध्यम से हुआ।

# संविधान में किया बदलाव और मुकर गये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे

सिवनी यशोः- देश की सबसे प्रमुख राजनैतिक पार्टी कांग्रेस जो कभी सत्ता के शीर्ष पर हुआ करती थी, पिछले एक दशक इस राजनैतिक

**युवाओं को दिखा दिया अंगूठा, बुजुर्गों में बांट दी रेवड़ी**

**बुजुर्ग नेताओं की बैसाखी पर सत्ता के शिखर पर पहुँचना चाहती है कांग्रेस**




दल का लगातार ग्राफ नीचे जा रहा है और कांग्रेस इसमें सुधार के लिये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की घोषणा कर दी है. खरगे ने सीडब्ल्यूसी में कुल 84 सदस्यों को शामिल किया है, जिनमें 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं. लेकिन खरगे ने सीडब्ल्यूसी टीम में युवा नेताओं को कांग्रेस संविधान के अनुसार भी जगह नहीं दी गयी जबकि कांग्रेस ने पार्टी में युवाओं की सक्रियता बढ़ाने के लिये रायपुर अधिवेशन में संविधान संशोधन कर युवाओं की पचास प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया था ।

पार्टी के गिरते ग्राफ को सुधारने के लिये कांग्रेस पार्टी में लगातार चिंतन भी हो रहा है परंतु सुधार के लिये जो कदम उठाने के निर्णय लिये जाते है उन्ही निर्णयों पर कांग्रेस के कर्णधार कायम नहीं रहते । कांग्रेस ने पिछले दिनों अपने उदयपुर चिंतन शिविर एवं कांग्रेस पार्टी के 85 वें अधिवेशन रायपुर में पार्टी ने अपने संविधान में कुछ संशोधन किये थे जिनमें प्रमुख रूप से कहा गया था कि अनूसूचित जाति, आदिवासी, अल्पसं यकों और पिछड़ों के लिए AICC डेलीगेट्स और सभी पदों पर 50 फीसदी पद आरक्षित होंगे। दूसरा अहम निर्णय हुआ था कि 50 फीसदी पदों में 50 साल से कम के लोगों की भागीदारी होगी। इसके साथ ही संविधान में संशोधन किया था कि 1 जनवरी 2025 से कांग्रेस में अब पेपर मेंबरशिप नहीं होगी, सिर्फ डिजिटल मेंबरशिप होगी। कांग्रेस के फार्म में थर्ड जेंडर की चर्चा होगी, अब फार्म में मां और पत्नी का नाम भी लिखा जाएगा। ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर जहां भी कांग्रेस के चुने हुए सदस्य हैं। वे सभी डेलीगेट्स होंगे। सदस्यतता से सशक्तिकरण की ओर अब 6 पीसीसी डेलिगेट्स मेंबर पर एक AICC मेंबर चुना जाएगा। अभी तक 8 पर चुना जाता था।

AICC मेंबर की सं या 1240 से बढ़कर 1653 हो जाएगी। इस प्रकार के संशोधन कांग्रेस पार्टी ने अपने संविधान में किये थे ।

इस अधिवेशन में अपने संविधान में सशोधन कर प्रावधान करने वाली कांग्रेस ने अपने ही संविधान के विपरीत कांग्रेस वर्किंग कमेटी में युवाओं को नजरांदाज कर दिया और बुजुर्ग नेताओं को शामिल किया कर लिया है ।

खरगे की कांग्रेस कार्य समिति में कुल 84 सदस्यों की फेहरिश्त में उम्र के लिहाज से विचार किया जाये तो डेढ़ दर्जन नेता ही 50 साल से कम उम्र के हैं, जिन्हें टीम में जगह मिली है. 50 साल के ज्यादा उम्र के करीब 68 नेता हैं और 70 साल से अधिक के नेताओं की सं या भी कम नहीं है ।

कांग्रेस अपनी सेंकेंड पीढ़ी को आगे ही लाना चाहती तो कांग्रेस के हालत में सुधार कैसे होगा यह कांग्रेस के लिये चिंता का विषय होना चाहिये । वहीं भाजपा बुजुर्गों को घर बैठा चुकी है और युवाओं को अधिक महत्व देकर संगठनात्मक ताकत बढा रही है तो कांग्रेस युवाओं को दरकिनार कर रही है । मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की कमान कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह पर है युवा नेतृत्व उपेक्षित है और उनकी नेतृत्व क्षमता का कांग्रेस उपयोग ही नही करना चाहती ।

# कांग्रेस के तीन दावेदार हुए एक

### परधान व गोंड आदिवासी का उठाया मुद्दा, भोपाल में कमलनाथ से की गई मुलाकात



मण्डला यशोः - विधानसभा मण्डला में भाजपा की अपेक्षा कांग्रेस पार्टी में दावेदारों की सं या अधिक बताई जा रही है जिसके चलते आगामी समय में विरोध की स भावनाएं प्रबल होते दिखायी दे रही हैं। इस विधानसभा में लगातार भाजपा के देवसिंह सैयाम जीतते आ रहे हैं। अब इस विधानसभा में कांग्रेस के तीन दावेदार किशन उइके, श्रीमति उर्मिला उइके, एवं संतोष उइके कह रहे हैं कि क्षेत्र में गोंड आदिवासी की सं या 98 प्रतिशत है परधान आदिवासी की सं या कम है पार्टी परधान समाज के व्यक्ति को टिकिट दे देती है इसलिए यहाँ कांग्रेस चुनाव हार जाती है इन तीनों का कहना है कि हमारे तीन के बीच से प्रत्याशी घोषित किया जाता है तो हम तीनों मिलकर चुना व लडेंगे और कांग्रेस को विजयी बनायेंगे। विगत दिवस ये तीनों दावेदारों द्वारा अपने समर्थकों के साथ भोपाल पंहुचकर अपनी बात कमलनाथ के समक्ष रखी गई है वहीं दूसरी ओर महिला उ मीदवार बनाने की मॉग भी उठ रही है। ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय नारायणी देवी झा के बाद से मण्डला विधानसभा में महिला विधायक नही बनीं हैं। भाजपा द्वारा पिछले चुनावों में श्रीमति स पतिया उइके को प्रत्याशी बनाया था लेकिन वे चुनाव हार गई थीं। अब आगे देखना होगा कि कांग्रेस हाईकमान किसे अपना प्रत्याशी घोषित करता है ।

# निर्देशों का लिया जाये फीडबैक

मण्डला यशोः- शासन प्रशासन द्वारा जो भी निर्देश जारी किये जा रहे हैं उसका कितना पालन मप्र के मण्डला जिले में किया जा रहा है। उसका फीडबैक लेना नागरिकों के अनुसार अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसके अलावा समीक्षा बैठकों में या अन्य माध्यमों से शासकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा जो भी जानकारी दी जा रही है उसका भी भौतिक सत्यापन करना जरूरी हो गया है। नागरिकों का कहना है कि टीएल समय सीमा की बैठक सहित तमाम तरह की सरकारी बैठकों में शासन-प्रशाासन के आला अधिकारियों द्वारा जो भी निर्देश दिये जा रहे हैं उसका कितना पालन किया गया है फील्ड में जाकर निरीक्षण कर फीडबैक लिया जाये तो बेहतर होगा, जनापेक्षा है शासन-प्रशासन शीघ्र ध्यान देगा।

# चौरसिया समाज ने मनाया नागपंचमी का पर्व

### हुए विविध कार्यक्रम, निकाली गई रैली

मण्डला यशोः- नाग पंचमी चौरसिया दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है । दादी की बगिया पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक लोगो ने अपनी सहभागिता दी। सबसे पहले सभी सामाजिक बंधुओं और अतिथि मीना जीऔर दिलीप चौरसिया जी द्वारा नाग देवता की पूजा की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बंदन के बाद आराध्य चौरसिया द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत नृत्य श्रेया चौरसिया द्वारा किया गया ।अनुभव , अद य, अदिति ,युक्ति अवनी ने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन में अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार इनाम दिया गया सभी बच्चों को प्रथम द्वितीय व तृतीय सांत्वना पुरस्कार से स मानित किया गया।

नाग पंचमी को सुबह विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र से सभी सामाजिक बंधुओ ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय यह कार्यक्रम मंडला समाज के सभी लोगों के सहयोग से सफल हुआ।

दादी की बगिया में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी सं याओं भाई बहनों ने भाग लिया। मंच संचालन निखीता चौरसिया संजू चौरसिया द्वारा किया गया।

# स्कूली कुश्ती प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने हुआ मंथन

### जिला कुश्ती संघ की बैठक का आयोजन गुलाब सिंह को बनाया गया अध्यक्ष

मण्डला यशोः- जिला कुश्ती संघ मंडला एवं जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडला की समूहिक बैठक बब्बू ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट पीपरपानी रायपुर रोड मंडला में संपन्न हुई। बैठक में मध्यप्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ के सह-सचिव एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मार्गदर्शन पर जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ का पुनर्गठन किया गया एवं कुश्ती के विकास के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

**शालेय कुश्ती प्रतियोगितायें हो प्रारंभ**

जिला कुश्ती संघ की बैठक में इस बात पर प्रमुखता से चर्चा की गई कि शाला स्तर में कुश्ती प्रतियोगितायें आयोजित की जायें। कुश्ती के विकास हेतु जिला कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल नीखर द्वारा प्रस्ताव दिया गया की कुश्ती का विकास के लिए स्कूल स्तर एवं स्कूल के संकुल स्तर पर प्रयास किया जाना चाहिए जिस पर




ब हनी हवेली क्षेत्र के कुश्ती प्रेमी एवं हमेशा से कुश्ती को प्रोत्साहित करने वाले सुमंत उपाध्याय द्वारा प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सुझाव दिया गया की व्यामशाला के पदाधिकारीगण अपने आसपास के स्कूलों में कुश्ती को प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास करें और आयोजन हेतु जिला कुश्ती संघ मण्डला नेतृत्व करें। जिससे कुश्ती से अधिक से अधिक युवा पीढ़ी अखाड़ा परंपरा से जुड़ेगे और युवा आज के परिवेश में मोबाइल एवं विभिन्न नशे से मुक्त भी रहेगी यह दोनों सुझावों को जिला कुश्ती संघ मंडल के सभी सदस्यों द्वारा सर्वोपरि रखा गया।

बैठक में उपस्थित ब हनी बंजर, नारायणगंज, खिरसारू, नैनपुर, आमानाला, शिव व्यामशाला मण्डला, धर्मशाला व्यामशाला मण्डला, कातामाल, बजरंग व्यामशाला मण्डला एवं अन्य अखाड़ों के उस्तादों, खलीफा, अध्यक्ष अन्य पदाधिकारी गण एवं कुश्ती को प्रोत्साहित करने वाले कुश्ती प्रेमी सदस्यों की सहमति से शिवराज कछवाहा एवं संतोष सोनू भल्लावी (अध्यक्ष जनपद पंचायत मण्डला) को संरक्षक, आमनाला के गुलाब मदरिया को अध्यक्ष, गिरधारी लाल निखर, किशोर गुप्ता (ब हनी बंजार), धनेश्वर नंदा पहलवान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भगवान दास हरदा, पेसन पटेल, योगेश कछवाहा, हरपाल कछवाहा, बलवीर सिंह (खिरसारु) को उपाध्यक्ष, सतीश मरकाम को सचिव, सुमित सोनी (पिंकू नारायणगंज), अशोक यादव (कातामाल) को सहसचिव, राजेंद्र पर्ते को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनयन जिला कुश्ती संघ के सचिव चंद्रशेखर सिंधिया, सुमंत उपाध्याय, कैलाश बर्मन, बजरंग कुश्ती अकादमी संचालक शिवम सिंधिया, शिव व्यामशाला के खलीफा एवं जिला कुश्ती संघ के सचिव वाजिद खान, राजाराम नंदा, कैलाश चक्रवर्ती, कपूर चक्रवर्ती, अशोक चक्रवर्ती, नरेश सिंधिया (पार्षद) राकेश पटेल, उमेश कछवाहा, दीपक चक्रवर्ती, सुमित सोनी, दिलीप नंदा, अमन कछवाहा, नरेश झरिया, अंकित सिंधिया, गुलजार सिंह आर्मो, रघुवीर पहलवान, बलराम पहलवान, शिवकुमार पर्ते, मदनलाल कुकड़िया, रघु लाल कुर्वेति जी की गरिमा पूर्ण उपस्थिति सफ्लतापूर्वक बैठक आयोजित हुई।

## जन्म तिथि संबंधी सूचना

**सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री कु. शिवानी पिता अशोक ठाकुर एवं माता श्रीमती कविता ठाकुर जाति पवांर शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताखलाँ कलाँ में 23 जून 2017 से अध्ययनरत है जिसके शैक्षणिक दस्तावेजों एवं दाखिल खारिज राजिस्टर में त्रुटिवश जन्मतिथि 24-01-2005 अंकित होने से सभी दस्तावेजों नवमीं में हुये नामांकन एवं बोर्ड परीक्षा 10 वीं की अंकसूची में जन्मतिथि 24-01-2005 अंकित हो गयी है । जिसकी वास्तविक जन्मतिथि 24-01-2007 है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मा. शि. मण्डल म.प्र. भोपाल को त्रुटि सुधार हेतु पत्राचार किया गया है, अतः मेरी पुत्री कुमारी शिवानी सेसंबंधित समस्त दस्तावेजों में जन्मतिथि 24-01-2007 मानी जावे।**

**सूचनाकर्त्ता**
**अशोक ठाकुर**
**ग्राम ताखलाकलाँ तहसील बरघाट**
**जिला सिवनी**

# राजनैतिक दलों से नागरिक नाराज

मंडला यशोः- चुनावी वर्ष में राजनैतिक दल अपनी-अपनी तैयारी में लगे हुए हैं। सभा स मेलन इत्यादि कर रहे हैं। कोई घर-घर पहुंच रहा है तो कोई महा जन संपर्क की तैयारी कर रहा है। मध्यप्रदेष के मंडला जिले में लगभग सभी राजनैतिक दल आगामी चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। जनसमस्याओं से इन्हें कोई सरोकार नहीं। न पहले इनके द्वारा विषेष ध्यान दिया गया और न ही अब दिया जा रहा है। मंडला जिले की जनता कई तरह की समस्याओं से जूझ रही है और राजनैतिक दलों की जन प्रतिनिधि बेहोषी का परिचय दे रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि चुनावी तैयारी की जावे लेकिन साथ में जन समस्याओं के निराकरण के लिए भी राजनैतिक दलों द्वारा विषेष ध्यान दिया जावे। विषेष अभियान चलाकर राजनैतिक दल जन समस्याओं का निराकरण शासन - प्रषासन के माध्यम से करा सकते हैं। जो राजनैतिक दल इस तरह का प्रयास करते हैं उनका जनाधार बढेगा ऐसा जानकार मान रहे हैं। जनापेक्षा है सभी राजनैतिक दल मंडला जिले में जनहित की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए विषष ध्यान दें।

## अधिकांश स्कूल के नहीं हो रहे मर मत रंग रोगन

मण्डला यशोः- शासन प्रशासन के निर्देश के बाद नवीन सत्र की तैयारी शुरू तो कर दी गई है, लेकिन लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। अधिकांश स्कूल भवनों की मर मत व रंगरोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा है। शौचालय सहित तमाम तरह की व्यवस्था करने में सभी स्कूलों में काम नहीं हो रहा है। कुछ स्कूलों में जि मेदारी के साथ काम किया जा रहा है जबकि अधिकांश स्कूलों में मात्र औपचारिकता पूरी की जा रही है।

# मतदाता जागरूकताः समझाई ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया, दिलाई शपथ

मंडला यशोः- मतदाताओं को ईव्हीएम मशीन से मतदान की प्रक्रिया से अवगत के उद्देश्य से गांव गांव में ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को निवास विधानसभा क्षेत्र के खारी, पीपरपानी, पटपर सिंगारपुर, सिलपुरी एवं बकौरी ग्रामों में ग्रामीणजनों ईव्हीएम मशीन के संबंध में जानकारी दी गई तथा मॉक पॉल के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही मतदाता जागरूकता वाहन पर एलईडी वॉल के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर



मतदान के प्रति जागरूक कर मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणजनों को मतदान से संबंधित शपथ दिलाई गई फोटोयुक्त मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम काटने तथा आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर से टर अधिकारी देवेन्द्र बरकड़े, नोडल अधिकारी अनादि वर्मा, बीएसी उदयकांत अवस्थी, जनशिक्षक मुराद अली, शिक्षक रामकुमार पटेल एवं गनेश परते तथा संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मण्डला एवं नैनपुर क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय पर छापामार कार्यवाही

मण्डला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी गिरिजा धुर्वे के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा पर लगातार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए मण्डला शहर से लगे बस स्टेण्ड, झूलापुल बड़ी खैरी, क पोस्ट कालोनी, इमलीगोहान के साथ-साथ नैनपुर क्षेत्र में पिण्डरई, भरवेली, खिरखिरी में विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 12 पाव प्लेन देशी मदिरा, 14 पाव गोवा विदेशी मदिरा इसके अतिरिक्त 105 लीटर हाथ से बनी महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले लगभग 550 किलो ग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस अपराध में संलिप्त 15 व्यक्तियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 ) क एवं च के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज किया गया हैं। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी नजर रखते हुए अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु निरंतर गश्त एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रहेगी।

# कई तरह की समस्याओ से जूझ रहे मंडलावासी

मंडला यशोः- तमाम तरह की समस्याओं से मंडला जिले के नागरिक जूझ रहे हैं। जिले में शराब का अवैध कारोबार आबकारी अधिकारी के संरक्षण में फ्ल फूल रहा है इन्हें हटाना जरूरी हो गया है। जिले में जहां देखो वहां अवैध शराब धडल्ले से बिक रही है। ठेकेदार और आबकारी विभाग के मिली भगत से जोरदार तरीके से शराब का अवैध कारोबार कर अवैध कमाई की जा रही है। खनिज संपदा की लूट मची हुई है रेत माफि या सक्रिय हैं। स्टोन क्रेशरों में बिना परमिशन के ब्लास्टिंग हो रही है जिससे खतरा बना हुआ है। मंडला जिले में सीवर लाइन के काम ने मंडला की सड़कों की धज्जियां उड़ा दी हैं। जिन्हें ठीक नहीं किया जा रहा है। एक तरफनगर पालिका सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रही है तो दूसरी तरफसीवर लाईन का काम चल रहा है। हलकी बारिश से सीवर लाइन की पुराई में गढडे आ गए हैं जिससे दुर्घटनाओं के मामले बढ़ गए हैं। सड़कों की मर मत का काम सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहे हैं। पानी के लिए पूरे जिले में त्राहि त्राहि मची हुई है। संबंधित विभाग पेयजल संकट निवारण की नौटंकी कर रहा है। लाड़ली बहना योजना का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। अधिकांश महिलाएं फॉर्म भरने से वंचित हो गई हैं। जो निर्धारित लक्ष्य था उसे पूरा नहीं किये जाने की जानकारी मिली है। इसके अलावा तमाम तरह की समस्याएं मंडला जिले में मौजूद हैं। जनापेक्षा है सरकार शीघ्र ध्यान दे और उक्त सभी समस्याओं का निराकरण करें।

# स्थानांतरण पर चुनाव आयोग मौन

### .कई वर्षों से जमे अधिकारी कर्मचारियों का कब होगा तबादला

मंडला यशोः- चुनावी साल में चुनाव आयोग द्वारा सभी तरह की तैयारी की जा रही है लेकिन विगत कई वर्षों से जमे कर्मचारीध् अधिकारियों को हटाने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेष के आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में कई कर्मचारी व अधिकारी लगभग सभी विभागों में वर्षों से पदस्थ हैं जिन्हें हटाने के लिए शासन प्रषासन के अलावा चुनाव आयोग के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस बात को लेकर नागरिकों में नाराजगी है। नागरिकों की मांग है कि चुनाव के पूर्व सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों को इस जिले से बाहर किया जाए जो कई वर्षों से इस जिले में पदस्थ हैं। नागरिक सवाल कर रहे हैं कि आखिर चुनाव आयोग इस विषय पर विषेष ध्यान` यों नहीं दे पा रह है । यह जांच का भी विषय हो गया है कि आखिरकार` यों इस जिले में विगत कई वर्षों से कर्मचारी और अधिकारी कई विभागों में अंगद की तरह पैर जमाकर खडे हैं। इन्हें अभी तक` यों नहीं हटाया गया नागरिक सवाल कर रहे हैं। इस बात को लेकर मंडला जिले में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। चुनाव आयोग की सुस्ती से भी नागरिक ज्यादा नाराज दिखाई दे रहे हैं। जनापेक्षा है कि शीघ्र ही विगत कई वर्षों से जमे कर्मचारी एवं अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए चुनाव पूर्व ऐसे कर्मचारियों को स्थानांतरण किया जाए जो विगत कई वर्षों से जमे हुए हैं। ज्ञात हो कि भविष्य में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं चुनाव आयोग अंगद की तरह जमे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हटाने में लापरवाही बरत रहा है। शासन प्रषासन द्वारा सही जानकारी प्रदान की जावे और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव पूर्व तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए ऐसी जनापेक्षा है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297